राजेश कुमार, भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 03.02.2026 को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त प्रथम अपील आवेदनों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-

---

आज दिनांक-03.02.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया के स्तर पर प्राप्त प्रथम अपील आवेदन जिसे आवश्यक कार्यार्थ प्रमंडलाधीन जिलों के संबंधित प्रथम अपीलीय प्राधिकार को हस्तांतरित किया गया है, पर की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। उक्त समीक्षा बैठक में पूर्णिया जिला के प्रथम अपीलीय प्राधिकार भौतिक रूप से उपस्थित थे तथा अररिया, कटिहार एवं किशनगंज के प्रथम अपीलीय प्राधिकार VC के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

समीक्षा में इस कार्यालय स्तर पर प्राप्त प्रथम अपील आवेदन की वर्ष-2020 से वर्ष-वार स्थिति निम्नवत् है :-

क्र0सं0	वर्ष	इस कार्यालय को कुल प्राप्त RTI प्रथम अपील आवेदनों की संख्या	कितने मामलों में वास्तविक सूचना दिया गया।	लंबित/हस्तांरित
01	2020-21	130	05	125 (हस्तांरित)
02	2021-22	110	11	99 (हस्तांरित)
03	2022-23	121	08	113 (हस्तांरित)
04	2023-24	90	04	86 (हस्तांरित)
05	2024-25	85	16	69 (हस्तांरित)
06	2025-26	100	11	89 (हस्तांरित)
	Total	636	55	581 (हस्तांरित)

उपरोक्त ऑकड़ों से स्पष्ट है कि आयुक्त कार्यालय को प्राप्त अधिकांश अपील आवेदन जिला स्तर के अन्य प्रथम अपीलीय प्राधिकार से संबंधित होने के कारण उन्हें आवश्यक कार्यार्थ हस्तांतरित की गयी है। उक्त आवेदनों पर उनके स्तर से वास्तविक सूचना अपीलार्थी को दी गयी है अथवा नहीं इस संबंध में आयुक्त कार्यालय को कोई सूचना नहीं दी गयी है, जो उचित स्थिति नहीं है।

प्रतिवेदन के अनुसार जिला-वार एवं वर्ष-वार लंबित मामलों की स्थिति निम्नवत है:-

वर्ष	पूर्णिया	कटिहार	अररिया	किशनगंज
2020-21	85	19	20	05
2021-22	42	24	13	21
2022-23	66	30	09	11
2023-24	46	20	12	04
2024-25	57	08	09	12
2025-26	46	09	13	20
Total	342	110	76	73

जिला पदाधिकारी को इस संबंध में आदेश दिया जाता है कि अपने कार्यालय एवं अन्य कार्यालय की समीक्षा करते हुए अपीलार्थी को यदि सूचना नहीं दी गयी है तो उन्हें 15 दिनों के अंदर सूचना उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे तथा तत्संबंधी प्रतिवेदन इस कार्यालय को भी उपलब्ध करायेंगे।

ह०/-
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 670 दिनांक 03/2/26

प्रतिलिपि :- जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि :- पूर्णिया प्रमंडल के अधीन सभी प्रथम अपीलीय प्राधिकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि :- आयुक्त के सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी (लोक सूचना प्रशाखा)/संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

03/2/2026.

आयुक्त

पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया ।